करोड़ों दर्शकों को दिखाये जाते हैं और इस तरह दर्शकों को निरंतर ऐसे विज्ञापन जबरदस्ती देखने पड़ते हैं ; और

(ग) क्या सरकार, वीडियो प्रयोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा करने हेतु कानून बनाकर ऐसे वीडियो विज्ञापनों को विनियंत्रित करने का प्रस्ताव रखती है ।

सूचना और प्रसारण तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री पी० उपेन्द्र): (क) केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किये गये वीडियो मजीनों सहित कुछ वीडियो फिल्मों में विभिन्न स्थानों पर विज्ञापन होते हैं । यह भी ज्ञात हुआ है कि प्रमाणित फिल्मों की प्रचलित कुछ वीडियो टेपो में भी विज्ञापन दिये गये हैं, बताया जाता है कि ये विज्ञापन केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड की अनुमति के बिना प्रदर्शन पहले शामिल कर लिए जाते है ।

(ख) संभव है कि दर्शकों को इन विज्ञापनों में रूचि न हो, लेकिन इस संबंध में कोई अध्ययन नहीं किया गया है।

(ग) चलचित्र अधिनियम के अनुसार सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए अभिप्रेत वीडियो टेपों में प्रमाणन के पश्चात् प्रमाणन प्राधिकारियों के अनुमोदन के बिना विज्ञापन जोड़ने की अनुमति नहं है किन्तु घरों में देखने के लिए अभिप्रेत वीडियो टेपों के संबंध में ऐसा कोई प्रतिबंध नहीं है । इस समय घरों में देखने के लिए अभिप्रेत वीडियो टेपों में विज्ञापनों को नियंत्रित करने के लिए कोई प्रस्ताव नहीं है ।

Training of S C Candidates in National Fire Service College, Nagpur

2466. CHOWDHRY HARI SINGH: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) the number of Scheduled Caste candidates who have got training in National Fire Service College, Nagpur in the year 1988, 1989, 1990 for Five Officers ad Sub-Officers;

(b) the procedure of selecting the candidates for above training of the above officers; and

(c) whether it is a fact that some candidates for above training recommended by the Punjab Government were not allowed for training by the Director of the National Fire Service College Nagpur for the session starting July, 1990?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI SUBODH KANT SAHAY): (a) Total number of SC candidates trained in Sub-Officers Course in 1988, 1989 and 1990 are 4,2 and 1 respectively.

For other professional courses, viz. Divisional Officers Course and Station Officers Course and regarding 40 standard seats of sub-officers course reservation criteria are taken care of by respective sponsoring authorities. The National Fire Service College. Nagpur makes Selection from the total number of sponsored candidates whose applications are sent to the college in time.

(b) In Station Officers Course and Division Officers Course all the candidates are sponsored by the Statec UTS|Organisations and the College makes sselections from the sponsored candidates on the basis of the demand for the seats and availability of seats in each course.

In each Sub-Officers Course, 40 candidates are Sponsored by the States| UTS/Organisation and candidates for 12 seats are admitted through open All India Competitive Entrance Examination. A separate merit list is prepared for the selection of one SC candidate and one ST candidate in each course from amongst the candidates who appear in all India competitive Entrance Examination. The SC|ST candidates who are selected

on the merit basis must pass in all the 4 papers set up in the competitive entrance examination.

(c) The Punjab Government did recommend 3 names for the Sub-Officers Course which commenced on 2-7-1990, but the college could not admit any of them as their applications reached late on 5-7-1990.

औरंगाबाद जिले में वाकूज में छः सौ लाइन की क्षमता के स्ट्रोजर एक्सचेंज (केन्द्र) की मंजूरी

2467. **डा० बापू कालदाते :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वाकूज (जिला औरंगाबाद, महाराष्ट्र) के लिए छः सौ टेलीफोन लाइनों की क्षमता वाले एक स्ट्रोजर एक्सचेंज की मंजूरी प्रदान की गई थी और एक्सचेंज के लिए आवश्यक सामग्री वाकूज में भेज दी गई थी, जो एक औद्योगिक क्षेत्र और जहां एक हजार से अधिक औद्योगिक प्रतिष्ठान हैं किन्तु टेलीफोन कनेक्शनों की संख्या केवल 90 है ;

(ख) यदि हां, तो इस एक्सचेंज को कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है और यह कब से काम करने लगेगा ; और

(ग) क्या औरंगाबाद शहर के लिए भी नौ सौ लाइनों की क्षमता वाले एक स्ट्रोजर एक्सचेंज को मंजूरी प्रदान की गई है

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जनेश्वर मिश्र) : (क) जी, नहीं। महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में वाकूज नाम का कोई एक्सचेंज नहीं है। तथापि वहां पर वालुज नाम का एक केन्द्र है जहां 90 लाइनों का एक छोटा आटोमैटिक एक्सचेंज काम कर रहा है। वालुज के लिए 700 लाइनों के स्ट्रोजर एक्सचेंज की योजना बनाई गई थी ; लेकिन उपस्कर की सप्लाई में विलंब होने के कारण वालुज में संस्थापनों के लिए 600 लाइनों का इलेक्ट्रानिक एक्सचेंज डायवर्ट कर दिया गया है।

(ख) वालुज में अक्तूबर, 1990 तक एक्सचेंज को चालू करने की योजना है

(ग) मौजूदा 6000 लाइनों के स्ट्रोजर एक्सचेंज का 90-91 में 900 लाइनों से विस्तार करने की योजना है।

जम्मू में जम्मू और कश्मीर सरकार के कर्मचारी

2468. **डा० बापू कालदाते :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जम्मू और कश्मीर सरकार के उन कर्मचारियों की संख्या कितनी है जो 1 जून, 1990 से 15 जुलाई, 1990 के दौरान, श्रीनगर वापिस न आकर जम्मू में ही रह गए थे ; और

(ख) क्या राज्य सरकार ने उन्हें श्रीनगर में ड्यूटी पर आने के लिए कहा था ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुबोधकान्त सहाय) : (क) और (ख) राज्य सरकार से सूचना की प्रतीक्षा की जा रही है।

Relaxing Visa Regulations for Portugal Nationals of Indian Origin

2469. SHRI MURLIDHAR CHANDRAKANT BHANDARE:
SHRI MAHENDRA PRASAD:

Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government have acceded to the request of the Federation of Export organisations to relax visa regulations for Portuguese